# वीयू – मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में मनाया गया गाजरघास उन्मूलन सप्ताह




नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में दिनांक 16 से 22 अगस्त 2025 तक गाजरघास उन्मूलन सप्ताह का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माननीय कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन और विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के नेतृत्व में आयोजित किया गया था।

इस सप्ताह चले अभियान का मुख्य उद्देश्य गाजरघास (पार्थेनियम) नामक खरपतवार के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसके उन्मूलन के लिए छात्रों और कर्मचारियों को प्रेरित करना था। गाजरघास पर्यावरण, कृषि उपज और पशु स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा है।



अभियान के दौरान, एन.एस.एस. स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय परिसर एवं पास के क्षेत्रों से गाजरघास को हटाने के लिए श्रमदान किया। इस गतिविधि में मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन, टीचिंग एसोसिएट प्रियंका गौतम, सत्येन्द्र कटारा और प्रतीक कुमार तिवारी सहित छात्र–छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान गाजरघास के जैविक और रासायनिक नियंत्रण के तरीकों पर छात्रों के लिए जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गए।

गाजरघास उन्मूलन सप्ताह का आयोजन एन.एस.एस. इकाई प्रभारी डॉ. सोना दुबे द्वारा तैयार की गई रूपरेखा के अनुसार किया गया, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह अभियान विश्वविद्यालय की सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि.,जबलपुर